भारत कोकिंग कोल लिमिटेड
(एक मिनीरत्न कम्पनी)
कोल इण्डिया लिमिटेड का एक अंग
कर्मचारी स्थापना विभाग
पंजीकृत कार्यालय:कोयला भवन, कोयला नगर,
धनबाद -826005
सीआईएन :U10101JH1972GOI000918
वेबसाईट: www.bcclweb.in
ईमेल : hodnee.bccl@coalindia.in

*(A Mini Ratna Company)*
(A Subsidiary of Coal India Limited)
NEE DEPARTMENT
Redg. Off.: KoylaBhawan, Koyla Nagar,
Dhanbad - 826005
CIN: U10101JH1972GOI000918
Website: www.bcclweb.in
email : hodnee.bccl@coalindia.in

Ref No- BCCL/PA-V/Departmental Selection/Accountant/2025/4635 Date-04.04.2025

## INTERNAL NOTIFICATION

Applications through proper channel are invited from the departmental employees of Bharat Coking Coal Limited, possessing Minimum qualification, Experience and Eligibility, required for selection to the post of Accountant Gr A :

**Posts/Minimum Qualification/Experience:**

| Sl.No | Post & Grade | Minimum Qualification/ Experience | Vacancy |
|---|---|---|---|
| 1. | Accountant Gr A | 1. Intermediate Examination of ICWA or CA | 21<br>SC-07<br>ST-04<br>UR-10 |

**Terms and Conditions:**

1. The admissibility of application of a candidate shall be subject to the following conditions:-
   a) Only permanent employees who have fulfilled the minimum prescribed qualification as mentioned against the post, as on 30.09.2024 may apply.
   b) Trainees are not eligible to apply.
   c) Candidate must have minimum " GOOD" CR rating for the completed year of service and in case of candidates who have completed more than 03 years of service, then CR rating for last 03 years will be required.
   d) Vigilance / Departmental Clearance of the candidate shall be " Clear".
   e) Applications from employees belonging to shortage category posts will not be considered.

2. The selection of candidates shall be subject to the Approved Manpower Budget 2024-25.

3. The selection of a candidate shall be based on the relative performance of the candidate in the selection test to be conducted for assessment of suitability of candidates. The question paper shall comprise of 100 multiple choice questions

of 01 mark each ( Total 100 marks). The written examination shall be of 120 minutes duration and in two parts. Part-I shall be for General Knowledge and General Awareness for 40 marks and Part-II shall be for Professional Aptitude Test for 60 marks. Both the sections will have separate qualifying marks and the employees will have to qualify in both the parts to be eligible for selection. Minimum qualifying marks in both the parts will be 35% each for SC/ST candidates and 40% each for General candidates.

4. For General candidates the Pass marks will be 40 out of 100 marks and for the SC/ST candidates Pass marks will be 35 out of 100 marks.

5. There will be no negative marking for wrong answers

6. The language of the written test shall be bilingual.

7. In case the candidate fails to appear on the date of the written examination, no further chance will be given to him/her.

8. If the question or answer choice given in the written examination is found wrong, marks for that particular question will be awarded to all the appearing candidates.

9. On the basis of marks obtained in the written test a panel will be prepared:

   a) In case two or more candidates secure equal marks in written test, the candidate who secures more marks in professional aptitude test will be kept above in the panel.
   b) Even then if the tie persists, the date of appointment will be taken into consideration for determining the seniority of the candidate.
   c) Even after considering the date of appointment the tie persists, the DOB of the candidates shall be taken into consideration for determining the final seniority and the candidate senior in age will be kept above in the panel.

10. Final Merit list will be drawn from the panel as per vacancy position, norms, Cadre Scheme, Vigilance clearance etc. and the name of eligible candidates will be recommended as per the merit list.

11. Educational certificates of the candidates will be sent to the concerned authorities for verification.

12. Candidates who have acquired the requisite qualification after coming into employment, will have to submit copy of NOC issued by the management for pursuing higher education.

13. Reservation quota for SC, ST & PwD candidates shall be considered as per govt. norms/ guidelines.

14. In case the candidates fail to produce SC/ST/PwD certificates, they will be treated as General candidates.

15. Candidate shall note that at any stage of selection or later, if he/she is found indulging in any misconduct, the candidature will be summarily rejected and disciplinary action will be initiated as per the Certified Standing Orders.

16. Director (Personnel), BCCL reserves the right to modify/ alter/ restrict/ cancel the selection process, at his discretion without assigning any reasons whatsoever. The decision of Director (Personnel), BCCL shall be final.

17. Selected candidates could be posted in any Area/Unit/Hq Establishment of BCCL.

18. Candidates are required to bring the Identity card bearing the photograph of the candidate and admit card, issued by the company for appearing in the written test.

19. Candidates who reach at the examination Centre more than 30 minutes after the start time, will not be allowed to appear for the examination.

20. Any amendment/modification relating to this internal notification will be notified on BCCL website only. Candidates are advised to check the BCCL website regularly.

21. In case of any doubt, English Version of Internal Notification will be treated as final and valid.

**How to Apply:**

1. Eligible candidates shall apply in the prescribed application for selection to the post. Application format may be downloaded from BCCL website i.e **www.bcclweb.in------>infobank----->careers in bccl.**

2. Candidates are advised to go through the terms and conditions of the notification carefully, assessing his/her eligibility in accordance with the qualification, caste, other norms etc.

3. **Please attach self-attested copies of all relevant documents as mentioned below:**
   a) Intermediate Examination of ICWA or CA.
   b) Copy of NOC issued by the management for pursuing higher education if applicable.
   c) Valid Caste Certificate issued by the competent authority (if applicable) in case of SC/ST.
   d) PwD Certificate ( if applicable) issued from the competent authority.

4. Incomplete applications or applications received after the due date or without signature of the candidate/ without relevant documents/ not through proper channel will be rejected.

**Important Dates**

| | |
|---|---|
| Start Date of Submission of Applications at Unit/Area/HQ Establishment | 08.04.2025 |
| Last Date of submission of application at Area/HQ unit | 15.04.2025 upto 5 pm. |
| Last Date of Receipt of Applications with all relevant documents at NEE Dept, BCCL, HQ | 22.04.2025 upto 5 pm. |
| Tentative Date of written test | Will be notified on BCCL website. |

Encl: Application Proforma

04/04/2025

Dy.GM(NEE)

Copy to ( through E-mail)

1. All Area GMs, BCCL
2. All GMs/HoDs, BCCL HQ
3. GM(System)- For uploading the notification on BCCL website please.
4. GM, Washery Division
5. CMO(I/C),CHD, KNH, RHB
6. All APM, BCCL- For wider circulation.
7. Manager(P)/NEE
8. I/C Sinidih workshop, CWEB, Ekra Central Store, Golakdih workshop, BTA, Jealgora Central Store
9. Notice Board- HQ/ Concerned File.

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुसंगी कंपनी)
BHARAT COKING COAL LIMITED
(A Subsidiary of Coal India Limited)
(एक मिनीरत्ना कंपनी/A Mini Ratna Company)
(भारत सरकार का उपक्रम/A Government of India Undertaking)

कर्मचारी स्थापना विभाग
N.E.E. DEPARTMENT

Great Place To Work. Certified

A MAHARATNA COMPANY

5 DECADES OF UNEARTHING ENERGY

संदर्भ सं.- बीसीसीएल/पीए-वी/विभागीय चयन/लेखाकार/2025/**4635**

दिनांक-04.04.2025

## आंतरिक अधिसूचना

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के उन विभागीय कर्मचारियों से उचित माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जिनके पास लेखाकार (अकाउंटेंट) ग्रेड- ए के पद पर चयन के लिए आवश्यक न्यूनतम योग्यता, अनुभव और पात्रता हो।

**पद/ न्यूनतम योग्यता/अनुभव:**

| क्र. सं. | पद एवं ग्रेड | न्यूनतम योग्यता/अनुभव | रिक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | लेखाकार ग्रेड ए | 1. आईसीडब्ल्यूए अथवा सीए की इंटरमीडिएट परीक्षा | 21<br>अ.जा.- 07<br>अ.ज.जा.- 04<br>अनारक्षित-10 |

**नियम एवं शर्तें:**

1. अभ्यर्थी के आवेदन की स्वीकार्यता निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी:-
   - क) केवल वे स्थायी कर्मचारी आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने दिनांक 30.09.2024 को पद के समक्ष उल्लिखित न्यूनतम निर्धारित योग्यता पूरी कर ली है।
   - ख) प्रशिक्षु आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।
   - ग) अभ्यर्थी के पास पात्र सेवा-अवधि के लिए न्यूनतम "अच्छा" सीआर रेटिंग होनी चाहिए और जिन अभ्यर्थियों ने 3 वर्ष से अधिक की सेवा पूरी कर ली है, उनके लिए पिछले 3 वर्षों के सीआर रेटिंग की आवश्यकता होगी।
   - घ) अभ्यर्थी की सतर्कता / विभागीय मंजूरी "बेदाग" होनी चाहिए।
   - ड.) जिन पदों में कर्मचारियों की कमी है, उन पदों से संबंधित कर्मचारियों के आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

2. अभ्यर्थियों का चयन अनुमोदित श्रमशक्ति बजट 2024-25 के अधीन होगा।

3. किसी अभ्यर्थी का चयन, अभ्यर्थियों की उपयुक्तता के आकलन के लिए आयोजित की जाने वाली चयन परीक्षा में अभ्यर्थी के सापेक्ष प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। प्रश्न पत्र में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा (कुल 100 अंक)। लिखित परीक्षा 120 मिनट की अवधि की होगी और दो भागों में होगी। भाग-I में सामान्य ज्ञान एवं सामान्य जागरूकता के प्रश्न होंगे, जिसके लिए 40 अंक निर्धारित हैं और भाग-II में व्यावसायिक योग्यता परीक्षा के लिए प्रश्न होंगे, जिसके लिए 60 अंक निर्धारित हैं। दोनों खंडों के अलग-अलग अर्हता अंक होंगे और चयन के लिए पात्र होने हेतु अभ्यर्थियों को दोनों भागों में अर्हता प्राप्त करना होगा। इन दोनों भागों में न्यूनतम अर्हता अंक, अनु.जा./अनु.जन.जा. वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 35% तथा सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 40% होंगे।

4. सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए उत्तीर्ण अंक 100 में से 40 अंक होंगे तथा अनु.जा./अनु.जन.जा. वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए उत्तीर्ण अंक 100 में से 35 अंक होंगे।

5. गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा

6. लिखित परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र द्विभाषी रूप में दिए जाएंगे।

7. यदि कोई अभ्यर्थी लिखित परीक्षा की तारीख को उपस्थित होने में विफल रहता है, तो उसे कोई और मौका नहीं दिया जाएगा।

8. यदि लिखित परीक्षा में दिये जाने वाले किसी प्रश्न या उत्तर का विकल्प गलत पाया जाता है, तो उस विशेष प्रश्न के लिए परीक्षा में शामिल सभी अभ्यर्थियों को पूर्ण अंक प्रदान किए जाएंगे।

9. लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर एक पैनल (सूची) तैयार की जाएगी:

   क) यदि लिखित परीक्षा में दो या दो से अधिक अभ्यर्थी समान अंक प्राप्त करते हैं, तो व्यावसायिक योग्यता परीक्षण में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को पैनल (सूची) में ऊपर रखा जाएगा।
   ख) यदि फिर भी यह बराबरी बनी रहती है, तो अभ्यर्थियों के वरिष्ठता का निर्धारण उसकी नियुक्ति-तिथि के आधार पर किया जाएगा।
   ग) यदि नियुक्ति तिथि पर विचार करने के बाद भी यह बराबरी बनी रहती है तो अंतिम वरिष्ठता का निर्धारण अभ्यर्थियों के जन्मतिथि के आधार पर किया जाएगा तथा आयु में वरिष्ठ अभ्यर्थी को पैनल में ऊपर रखा जाएगा।

10. रिक्ति की स्थिति, मानदंड, संवर्ग-योजना (कैडर स्कीम), सतर्कता मंजूरी आदि के अनुसार पैनल से अंतिम मेधा-सूची तैयार की जाएगी और मेधा-सूची के अनुसार योग्य अभ्यर्थियों के नाम की अनुशंसा की जाएगी।

11. अभ्यर्थियों के शैक्षिक प्रमाण-पत्रों को सत्यापन के लिए संबंधित प्राधिकारियों के पास भेजा जाएगा।

12. जिन अभ्यर्थियों ने अपने नियोजन के बाद अपेक्षित योग्यता प्राप्त की है, उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रबंधन द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

13. अनु.जा., अनु.जन.जा. एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण कोटा सरकारी मानदंडों/ दिशानिर्देशों के अनुसार होगा।

14. यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में असफल रहते हैं तो उन्हें सामान्य वर्ग का अभ्यर्थी माना जाएगा।

15. अभ्यर्थी इस बात का ध्यान रखें कि यदि कोई अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में अथवा उसके बाद भी, किसी भी कदाचार में लिप्त पाया जाता है, तो उसकी उम्मीदवारी को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा और उसके विरुद्ध प्रमाणित स्थायी आदेशों के अनुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

16. निदेशक (कार्मिक), बीसीसीएल के पास अपने विवेकानुसार बिना कोई कारण बताए चयन प्रक्रिया को संशोधित / परिवर्तित / प्रतिबंधित / रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। निदेशक (कार्मिक), बीसीसीएल का निर्णय अंतिम होगा।

17. चयनित अभ्यर्थियों को बीसीसीएल के किसी भी क्षेत्र/इकाई/मुख्यालय की स्थापना में तैनात किया जा सकता है।

18. अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए कंपनी द्वारा जारी किया गया फोटोयुक्त पहचान-पत्र लाना आवश्यक है।

19. परीक्षा केंद्र पर परीक्षा आरंभ होने से 30 मिनट से अधिक देरी से पहुंचने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

20. इस आंतरिक अधिसूचना से संबंधित कोई भी संशोधन/परिवर्तन केवल बीसीसीएल की वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा। अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे बीसीसीएल के वेबसाइट की नियमित रूप से जांच करते रहें।

21. किसी भी संशय की स्थिति में, आंतरिक अधिसूचना का अंग्रेजी संस्करण अंतिम और वैध माना जाएगा।

**आवेदन कैसे करें:**

1. पात्र अभ्यर्थी पद पर चयन हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करेंगे। आवेदन प्रपत्र को बीसीसीएल की वेबसाइट अर्थात www.bcclweb.in----->infobank----->careers in bccl से डाउनलोड किया जा सकता है।

2. अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे इस अधिसूचना के नियम एवं शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और निर्धारित योग्यता, जाति तथा अन्य मानदंडों आदि के अनुसार अपनी पात्रता का आकलन करें।

**3. कृपया नीचे उल्लिखित सभी प्रासंगिक दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियां संलग्न करें:**

क) आईसीडब्ल्यूए या सीए की इंटरमीडिएट परीक्षा का प्रमाण पत्र।
ख) उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रबंधन द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की प्रति, यदि लागू हो।
ग) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध जाति प्रमाण पत्र (अनु.जा./अनु.ज.जा.),यदि लागू हो।
घ) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)।

4. अधूरे आवेदनों अथवा निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों या अभ्यर्थी के हस्ताक्षर के बिना/प्रासंगिक दस्तावेजों के बिना/उचित माध्यम से प्राप्त नहीं होने वाले आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

5 DECADES OF UNEARTHING ENERGY

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुसंगी कंपनी)
BHARAT COKING COAL LIMITED
(A Subsidiary of Coal India Limited)
(एक मिनीरत्ना कंपनी/A Mini Ratna Company)
(भारत सरकार का उपक्रम/A Government of India Undertaking)

कर्मचारी स्थापना विभाग
N.E.E. DEPARTMENT

**महत्वपूर्ण तिथियां**

| | |
|---|---|
| इकाई/क्षेत्र/मुख्यालय स्थापना में आवेदन जमा करने की आरंभ तिथि | दिनांक 08.04.2025 |
| क्षेत्र/मुख्यालय इकाई में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 15.04.2025 शाम 5 बजे तक। |
| कर्मचारी स्थापना विभाग में सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि | दिनांक 22.04.2025 शाम 5 बजे तक। |
| लिखित परीक्षा की संभावित तिथि | बीसीसीएल की वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा। |

04/04/2025

उप महाप्रबंधक (कर्मचारी स्थापना)

संलग्नक: आवेदन प्रपत्र।

प्रतिलिपि (ई-मेल के माध्यम से)

1. सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधक, बीसीसीएल।
2. सभी महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष, बीसीसीएल मुख्यालय।
3. महाप्रबंधक (प्रणाली)- इस अधिसूचना को बीसीसीएल की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
4. महाप्रबंधक, वाशरी प्रभाग।
5. सीएमओ (प्रभारी), सीएचडी, कोयला नगर चिकित्सालय (केएनएच), क्षेत्रीय चिकित्सालय भूली (आरएचबी)।
6. सभी क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक, बीसीसीएल- व्यापक प्रसार हेतु।
7. प्रबंधक (कार्मिक)/कर्मचारी स्थापना।
8. प्रभारी सिनिडीह कर्मशाला, सीडब्ल्यूईबी, एकरा सेंट्रल स्टोर, गोलकडीह वर्कशॉप, बीटीए, जियलगोरा सेंट्रल स्टोर।
9. सूचना पट्ट- मुख्यालय / संबंधित फाइल।

# -: आवेदन का प्रारूप :-

**आवेदित पद का नामः–**

| नियंत्रण पदाधिकारी द्वारा सत्यापित नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ चिपकायें |
|---|

(1) आवेदक का नाम :

(2) पदनाम :

(3) भूमिगत या सतह पर :

(4) पिता/पति का नाम :

(5) कर्मी संख्या :

(6) वर्तमान कैटेगरी/ग्रेड :

(7) वर्तमान कैटेगरी/ग्रेड में आने की तिथि :

(8) जन्म तिथि (कम्पनी रिकॉर्ड्स के अनुसार) :
(शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र या कम्पनी रिकॉर्ड्स जिसमें जन्म तिथि अंकित हो की स्व–सत्यापित प्रति संलग्न करें)

(9) नियुक्ति तिथि :
(नियुक्ति पत्र की स्व–सत्यापित प्रति संलग्न करें)

(10) शैक्षणिक योग्यता :
(शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की स्व–सत्यापित प्रति संलग्न करें)

(11) तकनीकी योग्यता :
(तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र की स्व–सत्यापित प्रति संलग्न करें)

(12) क्या अनुसूचित जाति/जनजाति हैं :
(अनुसूचित जाति/जनजाति की अवस्था में वैध जाति प्रमाण पत्र की स्व–सत्यापित प्रति संलग्न करें)

(13) वर्तमान पदस्थापना स्थल :
(विभाग/इकाई/क्षेत्र/मुख्यालय दर्शायें)

**संलग्नः–**

1. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि दर्शायी गयी हो, का स्व–सत्यापित छायाप्रति।
2. शैक्षणिक योग्यता एवं तकनीकी योग्यता की स्व–सत्यापित छायाप्रति।
3. नियुक्ति पत्र की स्व–सत्यापित छायाप्रति।
4. पहचान पत्र की स्व–सत्यापित छायाप्रति।
5. पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ की नियंत्रण पदाधिकारी द्वारा सत्यापित 02 (दो) प्रति।
   (एक प्रति आवेदन फॉर्म में चिपकाना है)
6. अनुसूचित जाति/जनजाति की अवस्था में वैध जाति प्रमाण पत्र की स्व–सत्यापित छायाप्रति।

## घोषणा

मैं यह घोषित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा ऊपर दी गयी सारी जानकारी सत्य और सही है। यदि यह गलत पाया जाता है तो मेरे ऊपर कम्पनी द्वारा नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है एवं मेरे उम्मीदवारी को रद्द किया जा सकता है। ऊपर दी गयी जानकारी से संबंधित स्व सत्यापित कागजातों को संलग्न कर दिया गया है।

**आवेदक का हस्ताक्षरः**
**दिनांकः**

---

**For Official use only**

आवेदक द्वारा उपरोक्त में दिया गया विवरण को कंपनी रिकॉर्ड से चेक किया गया है, जो सही पाया गया है।

**संबंधित कार्मिक अधिकारी**

---

**नियंत्रण पदाधिकारी का हस्ताक्षरः**
**नामः**
**पदनामः**
**कोलियरी/क्षेत्र/मुख्यालयः**
**दिनांकः**